प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.06.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

शपथ ग्रहण

भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी आज लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री की शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह आज शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन प्रांगण में आयोजित होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एनडीए संसदीय दल के नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भाजपा नेता नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन के बाहर मोदी ने कहा कि एनडीए एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों ने एनडीए सरकार को एक और अवसर दिया है और यह 18वीं लोकसभा नवीन और युवा ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार, देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो कार्यकाल में जिस गति से देश आगे बढ़ा है, समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन साफ–साफ नजर आ रहा है। 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना अपने आप में हर भारतीय के लिए बड़े गर्व का विषय है।

पड़ोसी देश

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पडोसी देशों के विभिन्न नेताओं को आमंत्रित किया गया है। पडोसी देशों के नेता समारोह में भाग लेने के नेता राजधानी पहुंचना शुरू हो गए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी समारोह में भाग लेंगे। ये नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आज शाम आयोजित भोज में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अब हर बुधवार को संगठन के कार्यकर्ताओं और शुक्रवार को आम जनता से मिलेंगे। सप्ताह के अन्य दिनों में मुख्यमंत्री सरकारी कामकाज को निपटाएंगे। प्रदेश में चुनाव के दृष्टिगत लगी आचार संहिता अब समाप्त हो गई। आचार संहिता के कारण राज्य में कई कार्य लंबित हो गए हैं जिन्हें निपटाने में अब तेजी लायी जाएगी।

डी.सी. कांगड़ा

कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा है कि बी.बी.एम.बी. प्रशासन पौंग डैम के निचले क्षेत्रों रे–बडूखर में अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करेगा ताकि पौंग डैम से पानी छोड़े जाने पर इन क्षेत्रों के लोगों को समय पर जानकारी मिल सके। पौंग डैम से पानी छोड़ने पर प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की डिमार्केशन का भी प्रस्ताव है। गौरतलब है कि बीते साल मॉनसून के दौरान पौंग डैम से पानी छोड़े जाने के चलते निचले क्षेत्रों में बाढ़ आ गई थी। इससे निपटने के लिए सरकार को एन.डी.आर.एफ. और एस.डी.आर.एफ की मदद लेनी पड़ी थी।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला में इस अकादमिक सत्र से बी.कॉम ऑनर्स के लिए 22 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने बताया कि इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुरूप संचालित किया जाएगा। चार वर्षीय इस कोर्स के लिए इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**मोदी आज संभालेंगे देश, सोनिया गांधी संसदीय दल की नेता।** अमर उजाला का शीर्षक है–**मोदी एट दि रेट थ्री प्वाइंट जीरो शपथ के साथ बनेगा इतिहास–मोदी आज लगातार तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री, नेहरू के बाद दूसरे नेता और पहले गैर कांग्रेसी।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**चार दर्जन मंत्रियों के साथ आज पी.एम. की शपथ लेंगे मोदी।** जबकि दैनिक सवेरा टाइम्स का कहना है–**मोदी थ्री प्वाइंट जीरो में हिमाचल से अनुराग ठाकुर और नड्डा हो सकते हैं मंत्री।**

दैनिक भास्कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**ओलिंपिक, पैरालिंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को मिलेंगे 5 करोड़।** पंजाब केसरी की सुर्खी है–**स्वर्ण पदक विजेताओं को अब मिलेंगे 5 करोड़ रुपये।** आपका फैसला के शब्द हैं–**नई खेल नीति का उद्देश्य उत्कृष्टता को बढ़ावा देना।**

दैनिक भास्कर के शब्द हैं–**कंगना रनौत को एयरपोर्ट पर थप्पड़ मारने की जांच सीआईएसएफ के कमांडेट और डिप्टी कमाडेंट को सौंपी।**

सरकाघाट में खड्ड में डूबने से 12वीं के छात्र की मौत–अमर उजाला की एक ख़बर है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**जून में सुकून–रोहतांग में बर्फबारी तो शिमला में हल्की बारिश, सैलानी बढ़े।** दिव्य हिमाचल का कहना है–**खतरा बनीं हिमाचल की चार झीलें, ग्राउंड टीमें भेजेगी सरकार।** पंजाब केसरी के मुताबिक–**रोहतांग में बर्फबारी, आज आंधी तो कल से लू का अलर्ट।** हिमाचल दस्तक लिखता है–**प्रदेश में 13 दिन बाद दस्तक देगा मॉनसून। इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार**

———————————————